पत्र संख्या-विधि-2-(1)-फार्म मिसिंग-163-(2006-2007) 1353/0910065 / वाणिज्य कर,

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ,

( विधि अनुभाग )

दिनांक:: लखनऊ:: नवम्बर 24 ,2009

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर , वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश।

ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्य पालक) व्यापार कर, बांदा सम्भाग, बांदा से प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 14-11-2006 को इलाहाबाद मुद्रण प्रेस से लाते समय 8,000 फार्म-3ग(1) क्रम संख्या-006001 से 008000 तक एंव क्रम संख्या- 014001 से 016000 तक खो गये थे। मुख्यालय के परिपत्र संख्या-विधि-2-(1) फार्म मिसिंग-(2006-2007)-1385 दिनांक 24-11-2006 द्वारा इन फार्मो का प्रयोग अवैध घोषित किया जा चुका है।

2- एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर, बरेली जोन, बरेली द्वारा मुख्यालय को यह सूचित किया गया है कि उनके अधिक्षेत्र के व्यापारी द्वारा उक्त खोये हुये फार्मो के क्रमांक के कुछ फार्म-3ग(1) अपने कर निर्धारण अधिकारी को प्रस्तुत किया गया है जिसे कानपुर के कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय से विधिवत् जारी किया गया है। इसी प्रकार ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्य पालक) वाणिज्य कर, बांदा सम्भाग, बांदा के द्वारा भी मुख्यालय को यह सूचित किया गया था कि कुछ व्यापारियों द्वारा उक्त खोये हुये क्रमांको के कुछ फार्म-3ग(1) प्रस्तुत किये गये है जिन्हें डिप्टी कमिश्नर (कर निर्धारण) औरैया द्वारा विधिवत् जारी किये गये है। अत:यह भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि खोये हुये क्रमांको के ही फार्म-3ग (1) होने के कारण ऐसे फार्म अवैध माने जाये अथवा सही माने जाये।

3- इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि राजकीय मुद्रण प्रेस इलाहाबाद से मुद्रित होने वाले इन फार्मो के सम्बन्ध में जांच कराये जाने पर यह पाया गया है कि यद्यपि राजकीय मुद्रण प्रेस इलाहाबाद द्वारा किसी दिनांक विशेष को मुद्रित फार्मो के क्रमांकों (सीरियल नम्बर) को कुछ वर्षो बाद दोबारा उन्हीं क्रमांको (सीरियल नम्बर) को मुद्रित किये जाते है तथापि एक ही क्रमांक के फार्म होने पर भी **इन फार्मो के प्रतिपर्ण पर डाकेट नम्बर, मुद्रण का दिनांक एवं संस्करण मुद्रित होने के कारण इनमें यह भिन्नता ज्ञात की जा सकती है।** ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्य पालक) वाणिज्य कर, बांदा सम्भाग, बांदा के लिए दिनांक 14-11-2006 को क्रम संख्या 006001 से क्रम संख्या- 016000 तक के जारी किये गये फार्म-3ग(1) वास्तव में डाकेट संख्या-12 दिनांक 19-5-2006 को मुद्रित 4,55,000 फार्म-3ग(1) मे से ही थे। इसके पूर्व दिनांक 26-7-2004 को डाकेट नम्बर-1 से 2,00,000 फार्म-3ग(1) मुद्रित हुये थे, जो प्रदेश के विभिन्न सम्भागों को जारी किये गये थे तथा इसी में से दिनांक 13-9-2004 को क्रम संख्या- 00001 से 25,000 तक फार्म-3ग(1) ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्य पालक) इटावा सम्भाग,इटावा को जारी किये गये थे।

4- इन फार्मो के प्रतिपर्ण पर उपरोक्त डाकेट नम्बर, मुद्रण के दिनांक तथा संस्करण के आधार पर यह जानकारी सुनिश्चित की जा सकती है कि अमुक क्रमांक का फार्म उक्त खोये हुये फार्मो में से है अथवा खोये हुये फार्म में से नहीं है। यदि कोई फार्म किसी कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय से नियमानुसार जारी किये गये है तो उस कर निर्धारण अधिकारी से इनकी सत्यता की जांच कराकर सही निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है।

5- अतः उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुये समस्त कर निर्धारण अधिकारियों से आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।

24/11

( चन्द्रभानु )

कमिश्नर वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

**प्रतिलिपिः-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख सचिव, कर एवं निबन्धन विभाग, उत्तर प्रदेश ,लखनऊ।
2- संयुक्त सचिव, कर एवं निबन्धन विभाग, उत्तर प्रदेश,लखनऊ।
3- अध्यक्ष/ निबन्धन, उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर, लखनऊ एवं समस्त सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण , उत्तर प्रदेश।
4- समस्त एडीशनल कमिश्नर / ज्वाइण्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, मुख्यालय।
5- अपर निदेशक/ संयुक्त निदेशक / उपनिदेशक/ सहायक निदेशक वाणिज्य कर, प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ।
6- समस्त ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्य पालक)/ (वि0अनु0शा0)/ (अपील)/ कारपोरेट सर्किल/ ऑयल सेक्टर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
7- समस्त आन्तरिक सम्परीक्षा दल, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
8- ज्वाइण्ट कमिश्नर /डिप्टी कमिश्नर / असिस्टेन्ट कमिश्नर, सर्वोच्च न्यायालय कार्य वाणिज्य कर, गाजियाबाद।
9- ज्वाइण्ट कमिश्नर /डिप्टी कमिश्नर / असिस्टेन्ट कमिश्नर, उच्च न्यायालय कार्य वाणिज्य कर, इलाहाबाद / लखनऊ।
10- मैनुअल अनुभाग/ सूचना केन्द्र, नई इकाई अनुभाग को क्रमश 5-5 तथा 10 प्रतियां।
11- विधि अनुभाग, वाणिज्य कर मुख्यालय को 25 प्रतियां।
12- समस्त डिप्टी कमिश्नर / असिस्टेन्ट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारी, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
13- समस्त अनुभाग अधिकारी, वाणिज्य कर, लखनऊ।

( आर0एस0गंगवार )

ज्वाइण्ट कमिश्नर (विधि) वाणिज्य कर,

मुख्यालय, लखनऊ।